Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to develop Gorakhpur Railway Station as a world class Railway Station- Laid.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखने की अनुमति दी जाती है । मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे नियम 377 के प्रस्तावों को सभा पटल पर रख सकते हैं ।

*** m01श्री रवि किशन (गोरखपुर):** मैं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ । गोरखपुर में रेलवे का एक बहुत बड़ा नेटवर्क हैं । गोरखपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग एक लाख यात्री यात्रा करते हैं और यह स्टेशन प्रतिदिन लगभग 50 लाख रुपए का राजस्व अर्जित करता हैं । गोरखपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 40 एक्सप्रेस और 24 पैसेंजर रेलगाड़ियाँ देश के विभिन्न स्थानो को जाती हैं । प्रतिदिन 100 रेलगाड़ियाँ गोरखपुर रेलवे स्टेशन होकर जाती हैं । प्रतिदिन 35 रेलगाड़ियाँ यहाँ टर्मिनेट होती हैं और 55 माल गाड़ी गोरखपुर रेलवे स्टेशन होकर जाती हैं । कुल मिलाकर गोरखपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 235 रेलगाड़ियों का संचालन किया जाता हैं । गोरखपुर रेलवे स्टेशन का इस्तेमाल सीमावर्ती पड़ोसी देश नेपाल और सीमावर्ती राज्य बिहार के लाखों लोगो द्वारा किया जाता हैं । इस प्रकार गोरखपुर रेलवे स्टेशन का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व हैं । इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन की सूची मे शामिल कर इसे विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित किया जाए ताकि सभी वर्ग के यात्रियों को इसका लाभ मिल सके । इससे रेलवे के राजस्व मे भी वृद्धि होगी और क्षेत्रीय पर्यटन को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा ।